Auswärtiges Amt

**Auswahlverfahren**

**für den höheren Auswärtigen Dienst**

**Sprachtest Hindi**

Bei diesem Teil des schriftlichen Auswahlverfahrens geht es darum, Ihre Sprachkenntnisse in Hindi zu prüfen. Sie haben insgesamt 30 Minuten Zeit, um 52 Fragen zu beantworten. Die Zeit wird am Anfang und am Ende gestoppt. Sie können sich die Aufgaben zeitlich selbst einteilen.

Der Test wird digital durchgeführt. Fremde Hilfe ist nicht zulässig. Die folgenden Screenshots sollen Ihnen eine Vorstellung davon geben, wie er aussehen wird. Weiter unten finden Sie Informationen zum Inhalt sowie eine Empfehlung, wieviel Zeit Sie für die Aufgaben aufwänden sollten.

Der Test besteht aus drei Teilen: Textverständnis (8 Fragen), Wortschatz/Idiomatik (22 Fragen) und Grammatik/Zeitformen (22 Fragen). In den Teilen „Grammatik" und „Wortschatz/Idiomatik" wird jede korrekte Antwort mit einem Punkt bewertet. Im Teil „Textverständnis" wird jede korrekte Antwort mit zwei Punkten bewertet. Insgesamt können 60 Punkte erreicht werden. Der Test gilt als bestanden, wenn Sie mindestens 30 Punkte erreicht haben.

## Teil 1: Textverständnis (16 Punkte)

Sie haben etwa 15 Minuten Zeit, drei kurze Zeitungsartikel auf Hindi zu lesen und die darauffolgenden Fragen zu beantworten.

**Text Nr. 1**

प्रधानमंत्री मोदी अगले हफ़्ते ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर जा रहे हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी आधिकारिक यात्रा होगी। इस दौरान मोदी विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से चर्चा करेंगे और किंग चार्ल्स से भी मुलाक़ात कर सकते हैं। ब्रिटेन के बाद मोदी दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर मालदीव भी जाएंगे। उनकी यह मालदीव की तीसरी यात्रा होगी। मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज़ू के सत्ता संभालने के बाद यह किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री मोदी २६ जुलाई को मालदीव के ६०वें स्वतंत्रता दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

Quelle: स्वतंत्र वार्ता, २१ जुलाई २०२५

1. इस दौरे से पहले प्रधानमंत्री मोदी कितनी बार ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा कर चुके हैं?
    1. एक बार
    2. दो बार
    3. तीन बार
    4. चार बार

    Die richtige Antwort ist 3

2. मोहम्मद मोइज़ू के राष्ट्रपति बनने के बाद कौन सबसे पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मालदीव का आधिकारिक दौरा कर रहा है?
    1. कीर स्टारमर
    2. नरेंद्र मोदी
    3. किंग चार्ल्स
    4. इनमें से कोई भी नहीं

    Die richtige Antwort ist 2

3. प्रधानमंत्री मोदी किस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे?
    1. ब्रिटेन का स्वतंत्रता दिवस
    2. भारत का स्वतंत्रता दिवस
    3. मालदीव का स्वतंत्रता दिवस
    4. मोइज़ू का शपथ ग्रहण समारोह

    Die richtige Antwort ist 3

**Text Nr. 2**

भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की २६ दिसंबर २०२४ को दिल्ली में ९२ वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई। सिंह २००४ से २०१४ तक देश के प्रधानमंत्री थे। उससे पहले भारत के वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने भारत का आर्थिक उदारीकरण भी किया। उनके अंतिम संस्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सिंह की कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और कई विदेशी नेता भी मौजूद थे। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वाशिंगटन डीसी से भेजे गए अपने शोक संदेश में कहा कि भारत के साथ उनके देश के अच्छे संबंध सिंह के योगदान के बिना संभव नहीं होते।

Quelle: Last rites of Dr Manmohan Singh performed with full State honours - CNBC TV18

4. मनमोहन सिंह कितने समय के लिए भारत के प्रधानमंत्री थे?
    1. चार साल
    2. पाँच साल
    3. दस साल
    4. पंद्रह साल

    Die richtige Antwort ist 3

5. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के अवसर पर कौन मौजूद नहीं था?
    1. नरेंद्र मोदी
    2. द्रौपदी मुर्मू
    3. जो बाइडेन
    4. जगदीप धनखड़

    Die richtige Antwort ist 3

**Text Nr. 3**

इंटरनेशनल मॉनेटरी फ़ंड की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत ने यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफ़ेस के माध्यम से डिजिटल पेमेंट सेक्टर में दुनिया में पहला स्थान हासिल कर लिया है। २०१६ में शुरू किया गया यूपीआई आज देश में पैसे के लेन-देन का सबसे आसान और पसंदीदा तरीका बन चुका है। एक रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई से हर महीने भारत में न सिर्फ़ बड़े व्यापारी बल्कि छोटे दुकानदार और आम लोग १८०० करोड़ से ज़्यादा के लेन-देन करते हैं। इतना ही नहीं, यूपीआई का इस्तेमाल अब भारत की सीमाओं से बाहर भी हो रहा है। यह सात अन्य देशों में भी उपलब्ध है: संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस। फ्रांस में यूपीआई की शुरुआत इसके यूरोप में पहले कदम का प्रतीक है, जिससे विदेश में रहने या यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए पैसों का लेन-देन आसान हो गया है।

Quelle: स्वतंत्र वार्ता, २१ जुलाई २०२५

6. भारत में यूपीआई कब लाया गया?

1. २०१०
2. २०१४
3. २०१६
4. २०२०

Die richtige Antwort ist 3

7. यूरोप के किस देश में यूपीआई उपलब्ध है?
    1. सिंगापुर
    2. फ़्रांस
    3. जर्मनी
    4. ब्रिटेन

    Die richtige Antwort ist 2

## Teil 2: Wortschatz, Idiomatik und Schriftzeichen (22 Punkte)

Sie haben etwa 7 bis 8 Minuten Zeit, um 22 Wortschatzfragen zu beantworten.

**Wählen Sie die korrekte Option.**

8. मेरे ... से यह जवाब सही है।

1. अचार
2. आचार
3. प्रकार
4. विचार

Die richtige Antwort ist 4

9. यह मेरी पहली नौकरी थी। इस … से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।

1. असंभव
2. संभव
3. अनुभव
4. उत्सव

Die richtige Antwort ist 3

10. वह अपने माता-पिता की आँखों का … है।

1. सेब
2. चाँद
3. सूरज
4. तारा

Die richtige Antwort ist 4

11. मुझे तुम्हारी बात पर विश्वास नहीं है। ज़रूर दाल में कुछ … है।

1. लाल
2. पीला
3. हरा
4. काला

Die richtige Antwort ist 4

12. देश के … के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

1. विकास
2. विचार
3. प्रकाश
4. प्रकार

Die richtige Antwort ist 1

13. ये सभी त्यौहार हमारी ... का हिस्सा हैं।

1. संस्कृत
2. संस्कृति
3. संस्कार
4. स्वागत-सत्कार

Die richtige Antwort ist 2

# Teil 3: Grammatik (22 Punkte)

Sie haben etwa 7 bis 8 Minuten Zeit, um 22 Grammatikfragen zu beantworten.

**Wählen Sie die korrekte Option.**

14. वह टैक्सी ... सीधे घर गई।

1. बुलाते
2. बुलाते बुलाते
3. बुलाकर
4. बुलाई

Die richtige Antwort ist 3

15. बेचारा बच्चा ... सो गया।

1. पढ़ते
2. पढ़ते पढ़ते
3. पढ़ने
4. पढ़ा

Die richtige Antwort ist 2

16. पिछले हफ़्ते जब मैं उससे मिला तो वह बहुत ...।

1. रोता था
2. रोया है
3. रो रहा था
4. रो रहा है

Die richtige Antwort ist 3

17. काफ़ी देर हो गई है। अब तक बच्चे सो ... होंगे।

1. चुकते
2. चुकने
3. चुके
4. चुक रहे

Die richtige Antwort ist 3

18. यह वही आदमी है ... कल तुम्हारे बारे में पूछ रहा था।

1. जो
2. जिसे
3. जिससे
4. जिसको

Die richtige Antwort ist 1

19. अगले साल तक यहाँ एक सड़क ... चुकी होगी।

1. बनाई
2. बनाई जाती
3. बनाई जा
4. बन गई

Die richtige Antwort ist 3

20. उन्हें कल शाम के कार्यक्रम की याद ... दो।

1. दे
2. दिला
3. कर
4. करवा

Die richtige Antwort ist 2

21. पहले वह अक्सर हमसे मिलने ... करता था, लेकिन अब बिल्कुल नहीं ...।

1. आया ... आता
2. आया ... आया
3. आता ... आता
4. आ ... आया

Die richtige Antwort ist 1